बर्षः- 05
अंकः- 317
मुरादाबाद
(Friday)
13 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच



भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ़ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने कैबिनेट के साथ की बैठकः अफवाह फैलाने वाले लोगों पर नजर रखने के निर्देश, सूत्रों का बड़ा दावा



कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहम दिशानिर्देश दिए। उन्होंने मंत्रियों से कहा है कि ईंधन और एलपीजी को लेकर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के टकराव से उपजे तनावपूर्ण हालात पर भारत सरकार लगातार नजर रख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी सिलसिले में आज कैबिनेट की बैठक की। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि पीएम मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों को अफवाहों पर कड़ी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है।

सूत्रों के हवाले से आई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि पीएम मोदी ने संकट से निपटने के लिए भारत की तैयारियों को बहुत मजबूत बताया।

उन्होंने कहा, मंत्री जनता को समझाने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी बातों को प्रमुखता से रखें। विपक्ष के सवालों का भी ठोस तरीके से जवाब दें।

खबरों में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों से कहा, पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पूरे विश्व को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि जनता और विपक्ष के सवालों का जवाब देते समय आत्मविश्वास बनाए रखें। ईंधन और एलपीजी को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर लगातार कड़ी नजर रखें।

## अल्लाह ने मुझे बचा लियाः जम्मू में हत्या की कोशिश के बाद फारूक अब्दुल्ला का पहला रिएक्शन; पिता से मिले उमर



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की जानलेवा हमला के बाद पहली बार प्रतिक्रिया सामने आई है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अल्लाह ने मुझे बचा लिया। एक शादी समारोह में एक शख्स ने कथित तौर पर उनकी हत्या की कोशिश की थी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान जानलेवा हमला हुआ। हमलावर ने पीछे से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन फारूक अब्दुल्ला बाल-बाल बच गए। इस घटना के बाद पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि अल्लाह ने मुझे बचा लिया। यह घटना शहर के बाहरी इलाके ग्रेटर कैलाश में एक शादी समारोह के दौरान हुई। जब फारूक अब्दुल्ला कार्यक्रम से निकल रहे थे, तभी कमल सिंह जामवाल नामक एक व्यक्ति ने कथित तौर पर उन पर गोली चलाने का प्रयास किया। हालांकि, गोली अब्दुल्ला को नहीं लगी और वे सुरक्षित रहे। हमलावर को तुरंत पकड़ लिया गया।राजनीतिक प्रतिक्रिया और सुरक्षा पर सवाल इस घटना ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती पर इस तरह का हमला चिंता का विषय है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और हमलावर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फारूक अब्दुल्ला का बयान- घटना के बाद, फारूक अब्दुल्ला ने शांत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह ईश्वर की कृपा थी कि वे सुरक्षित बच गए। उन्होंने इस घटना को लेकर किसी भी तरह की विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया। फारूक अब्दुल्ला से मिलने पहुंचे सीएम उमर अब्दुल्ला- जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपने पिता और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले के बाद उनसे मिलने पहुंचे हैं। बुधवार देर रात एक शादी समारोह में फारूक अब्दुल्ला पर हमला हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी इस हमले पर चिंता जताई और कहा कि यह जानकर राहत मिली कि वह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गुरुवार सुबह अपने पिता फारूक अब्दुल्ला के घर पहुंचे। गोलीबारी की घटना के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के आवास पर पहले से ही सुरक्षा कड़ी कर दी गई। वहीं, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, फारूक अब्दुल्ला साहब पर हुए गंभीर हमले के बारे में सुनकर हैरान हूं। यह जानकर राहत मिली कि वह सुरक्षित और ठीक हैं। उम्मीद है कि पुलिस इस सुरक्षा चूक की तह तक पहुंचेगी। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने इस घटना को एक गंभीर सुरक्षा चूक बताया, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, फारूक अब्दुल्ला पर शादी समारोह में हुए जानलेवा हमले की खबर सुनकर गहरा आघात पहुंचा। यह गंभीर सुरक्षा चूक स्वीकार्य नहीं है। शुक्र है कि वह सुरक्षित हैं। इस घटना की पूरी और पारदर्शी जांच की जानी चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

पीडीपी नेता वहीद उर रहमान पारा ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा, फारूक अब्दुल्ला पर हुए इस निंदनीय हमले के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। ऐसे अनुभवी नेता के खिलाफ हिंसा बिल्कुल मंजूर नहीं है और इसकी कड़ी निंदा की जाती है। उनकी सुरक्षा और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना।

हुर्रियत कांफ्रेंस के नेता मीरवाइज उमर फारूक ने भी घटना की निंदा करते हुए चिंता जताई। उन्होंने कहा, जम्मू में फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमले की खबर चिंताजनक और निंदनीय है। यह जानकर राहत मिली कि वह बाल-बाल बच गए। कोई लोडेड हथियार लेकर उनके इतने करीब आया और उन पर गोली चलाई, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार




### राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर तमिलनाडु के राज्यपाल बने, हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने दिलाई शपथ

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसी बीच गुरुवार को राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी ने शपथ दिलाई। वे इससे पहले बिहार और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्य कर चुके हैं। लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं। उन्होंने तमिलनाडु में राज्यपाल पद की जिम्मेदारी अस्थायी रूप से मिली। इसका मतलब यह है कि वह केरल के साथ-साथ तमिलनाडु के राजभवन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के बारे में कुछ खास बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता और गोवा की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय। गोवा विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रह चुके हैं और वर्तमान में केरल के राज्यपाल हैं। संगठनात्मक राजनीति और संसदीय कार्यों में अनुभव रखते हैं।

## सीएम योगी संग चार राज्यों के मुख्यमंत्री और संघ प्रमुख, एक साथ आ रहे वृंदावनःआश्रम का करेंगे लोकार्पण



वृंदावन के रुक्मिणी विहार में बने जीवनदीप आश्रम का उद्घाटन 24 मार्च को संघ प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। समारोह में योगी आदित्यनाथ समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री, बिहार के राज्यपाल और कई संत-महंत व संघ-भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।रुड़की के संत स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज के रुक्मिणी विहार स्थित नवीन जीवनदीप आश्रम का लोकार्पण 24 मार्च को होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत आश्रम का लोकार्पण करेंगे। आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्री, बिहार के राज्यपाल और आचार्य, मंडलेश्वर, महंत एवं संत शामिल होंगे। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं।रुड़की के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने रुक्मिणी विहार स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे आश्रम का निर्माण कराया है। इस आश्रम का भूमि पूजन दो वर्ष पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी ने किया था। दो वर्ष में बनकर तैयार हुए आश्रम का उद्घाटन संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा 24 मार्च को किया जाएगा। महामंडलेश्वर ने जीवनदीप आश्रम के उद्घाटन कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री मोहन यादव को आमंत्रित किया है।बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्रियों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति दे दी है। इसके अलावा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी समारोह में शिरकत करेंगे। आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से डॉ कृष्णगोपाल, अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, शिव प्रकाश, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह समेत कई दिग्गज नेता भी कार्यकम में मौजूद रहेंगे। ज्ञात हो कि स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी हैं। संघ के प्रचारक रह चुके महामंडलेश्वर ने वर्ष 2010 में हरिद्वार से सांसद का चुनाव लड़ा था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित कर प्रचार किया था। संघ से लंबे समय से जुड़े होने के कारण संघ के पदाधिकारियों के साथ भाजपा के दिग्गज नेताओं के भी करीब हैं। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज के शिष्य महामंडलेश्वर नवलयोगी ने बताया कि नवनिर्मित जीवनदीप आश्रम का उदघाटन 24 मार्च को होगा। इसकी तैयारी चल रही हैं। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्री, बिहार के राज्यपाल एवं संघ एवं भाजपा के पदाधिकारी शामिल

## अविश्वास प्रस्ताव पर ओम बिरलाः लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी, नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका;नियम सबसे ऊपर

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर दो दिनों तक चली चर्चा के बाद स्पीकर ओम बिरला पहली बार आसन पर पहुंचे और सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी है और किसी भी नेता, यहां तक कि प्रधानमंत्री भी, संसद के नियमों से ऊपर नहीं हैं। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों।ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है। हर सदस्य का आभारी हूं- ओम बिरला

उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है। नियमों के तहत बोलने का अधिकार-



ओम बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मर्यादा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर। लोग इस चेयर पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है। सभी महिला सदस्यों ने अपनी बात रखी-

ओम बिरला ने कहा कि महिला सदस्यों को लेकर भी आरोप लगाया गया कि उन्हें मौका कम दिया जाता है। लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफ जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया।निलंबन का विषय भी कुछ सदस्यों ने उठाया है। मेरा दल से ऊपर उठकर सभी सदस्यों से व्यक्तिगत संबंध आज भी है। लेकिन सदन की व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी मेरी है। हमें विचार करना होगा कि इस सदन को निलंबन जैसे कठोर निर्णय क्यों लेने पड़े। मैं अक्सर आग्रह करता हूं कि सदन की गरिमा बनी रहे। लेकिन जब सदन के सदस्य नहीं मानते, तो सदन स्थगित करना पड़ता है।

## संपादकीय Editorial

### Don't overstate NCERT's mistake.

It is a universally accepted concept of Indian culture that a teacher should always be sensitive, egoless, and dedicated to acquiring knowledge. They should adhere to the principle of lifelong learning. NCERT has been developing on these fundamental principles for the past six decades. The Supreme Court removed the chapter on judicial corruption from the NCERT textbook. The former director called it a mistake, stating that respect for the institution is essential. NCERT has acknowledged and corrected mistakes in the past. Recently, the Supreme Court banned an NCERT (National Council of Educational Research and Training) Class 8 textbook because it contained a chapter on corruption in the judiciary. The court considered it careless and contemptuous. It also made several other observations, suggesting a deep conspiracy. It is a valid question: why a separate chapter solely on corruption in the judiciary? However, it later became clear that misconduct in politics and bureaucracy has already been discussed. NCERT is yet to present its side of the story in the Supreme Court. Perhaps the teachers and NCERT made a mistake by writing a separate lesson on corruption in the judicial system, and making a mistake is not a crime. Mistakes can occur due to ignorance or inexperience and can, in most cases, be corrected. It's not necessary to insult that institution for this. People don't know how true or false the text in that book is, but the judiciary's stance is being debated nationwide. NCERT was established in 1961. Since then, it has emerged as a think tank in the field of education and has earned its reputation internationally. Most of the people running every system in the country and the academic community have progressed in life by reading NCERT books and have respect for the institution. Young people preparing for the country's highest administrative services study NCERT books with complete faith. NCERT develops personality from individual and is engaged in shaping the country's future by inculcating morality, ethics, and a value-based life. To maintain the dynamism and relevance of national education over time, NCERT periodically develops new curricula, syllabi, and books. Experts invited from across the country participate in this process, and each manuscript is thoroughly vetted at multiple levels. NCERT has also faced criticism on numerous occasions, often driven by ideological and political commitments. NCERT has also made mistakes, but they are corrected as soon as they become apparent. Regrets are expressed. For example, once, the author plagiarized some paragraphs in a book. Corrections were made promptly upon the issue's discovery. In another book, Madagascar was shown to be in the Arabian Sea. This was also corrected to the Indian Ocean. NCERT has admitted its mistake and made changes to the books, but no one has suggested any deliberate conspiracy at any level. This institution belongs to everyone, to the country. The Director has final approval for the publication of every NCERT book. He also bears the moral responsibility. The same should be considered in the current case. In 2002-03, a history manuscript was presented to the then Director. One sentence in it read, "Rajiv Gandhi was assassinated by a Tamil Christian." The title of a lesson was, "Islamic Fundamentalism." It's true that the Director cannot change even a single word without the author's permission, but he can reject the manuscript. Nevertheless, this was done, and a new manuscript was prepared. Suggestions for changes to NCERT textbooks continue to come in yearly from teachers, students, writers, and scholars.

# A Mandate to Build a New Nepal

The historic victory of the Rastriya Swatantra Party (RSP) in Nepal's general elections has written a new chapter in democratic history. Led by 35-year-old Balendra Shah, the RSP is poised to form a government with a near-absolute majority. This change, inspired by the Zen-G youth movement, signals the end of traditional party dominance, corruption, and political instability, and provides a mandate to build a stable and new Nepal. The RSP secured a historic absolute majority in the Nepal elections. A new political era in Nepal under the leadership of Balendra Shah. The youth have given a mandate for a corruption-free, stable Nepal. A new chapter has been written in Nepal's democratic history. The results of the general elections have made it clear that the Rastriya Swatantra Party (RSP) is poised to form the country's first government with a near-absolute majority. The hero of this victory is 35-year-old Balendra Shah, also known as Balen, who is considered certain to become Prime Minister. The foundation for this political change in Nepal was laid by the Zen-G youth movement in September 2025. In Nepal's political history, where dozens of new parties emerge and disappear every year, where decades-old traditional parties like the Nepali Congress, CPN-UML, and the Maoist Center have held sway, where stalwarts like Sher Bahadur Deuba, KP Sharma Oli, and Gagan Thapa have long controlled the axis of power, and where politics has always been weighed on the scales of hill versus Madhesi, religious polarization, and ethnic equations, such an unprecedented electoral victory for a party founded just four years ago was unimaginable. Two major reasons appear to be behind this electoral tsunami. First, the vision of a new Nepal was fundamentally based on the establishment of a nation free from nepotism, corruption, and political instability. This journey formally began in 2008 with the abolition of monarchy and the establishment of democracy. It was believed that a democratic system would end centuries of monarchy, in which power was confined to the loyalists of the court and a large section of the population was marginalized. Ironically, all the political parties that emerged after 2008 were influenced by the old system in their working styles and roots. However, even the Maoist parties remained dominated by a lust for power. As a result, despite the advent of democracy, the common people did not receive any real relief. Over the past 18 years of Nepal's democratic journey, the country has seen the change of more than a dozen Prime Ministers and dozens of Deputy Prime Ministers during four general elections. Due to political turmoil, no government has been able to complete its full five-year term. Amidst this uncertainty, the public, by giving the RSP an absolute majority, not only ended political instability but also put an end to the forced politics of coalition politics. Since the RSP had no controversial past, the public expressed unwavering confidence in Balen Shah's leadership. Secondly, the RSP's victory also owes much to Nepal's youth, who saw Balen Shah as a key factor in the emergence of a new Nepal. Balen, an engineer by profession, later entered the world of rap music. Through his music, he raised social and political issues that resonated with not only the youth but the general public. This is why, when he contested the 2022 Kathmandu mayoral election as an independent candidate, he won a landslide victory. The country had gained a new leader in Balen, but reaching the pinnacle of national politics without the support of a political party was not easy. This was also impossible without weakening the old parties, and that is precisely what the Genji movement accomplished. Although the youth invited Balen to lead an interim government, its term was only for six months, while Balen's ambition was to pursue a political career of five years and beyond. Instead of accepting interim leadership, he chose the electoral path and emerged victorious. The RSP, under the leadership of journalist-turned-politician Rabi Lamichhane, emerged as an alternative political party in its very first election in 2022, winning 20 seats. The RSP possesses strong youth appeal, but the addition of a popular leader like Balen further strengthened the party, and the results are now evident. Now that the RSP has the support of the people and a popular young leader like Balen Shah, the question arises: will they be able to run the country? Being popular is one thing, but formulating policies that are in keeping with the country's development and interests, formulating a strong foreign policy, and running the country peacefully, regardless of the power of the government, is quite another. Balen Shah is a popular leader. During his tenure as Mayor of Kathmandu, he was repeatedly accused of violating rules. If his style of functioning continues as Prime Minister, it could impact policy stability and lead to public complaints. The next hundred days will reveal a significant amount of the government's functioning. However, beyond expectations and apprehensions, the Nepalese mandate is commendable. By exercising their right to vote, the people have given democracy a new dimension. They have signaled the end of long-standing political instability and coalition tussles. This mandate also appears to put an end to issues like the return of monarchy, which have been raised from time to time in the country.



# War escalates crisis, oil game could derail global economy

The Iranian military is also demonstrating greater aggressive capabilities. Besides targeting Israel, it is capable of attacking US military bases in West Asia, as well as oil and civilian areas there. The US-Israel-Iran conflict has led to a surge in crude oil prices. The closure of the Strait of Hormuz has disrupted oil supplies. Iran's resistance poses a threat to the global economy. As the US and Israel's war against Iran escalates, crude oil prices have surpassed $100, deepening the crisis facing the global economy. As Iran is also attacking Gulf countries in response to US and Israeli attacks, there is a risk of further disruption to oil and gas supplies from West Asia. The Strait of Hormuz, which supplies oil and gas to this region, is blocked. Currently, there are no indications that oil and gas tankers can transit through this waterway. If West Asia remains ravaged by war, prices of fertilizers, along with oil and gas, could rise. Israel, and especially the United States, should have realized that targeting Iran could result in the closure of the Strait of Hormuz, cutting off oil and gas supplies from West Asia, creating a crisis for many countries. It's difficult to understand why the United States failed to take measures that would prevent the disruption of oil and gas supplies from West Asia. It's still not considering such measures, and on the contrary, President Trump appears unconcerned by rising oil prices. It's highly irresponsible of him to claim that he's willing to pay this "small price" for Iran's nuclear denuclearization. On the one hand, Trump portrays himself as a self-proclaimed leader who can shape the course of the world order, while on the other, he is displaying recklessness even as he endangers it. Now, it even appears that he attacked Iran without properly assessing its military capabilities and internal situation. Israel and the United States assumed that the assassination of Iran's Supreme Leader, Ayatollah Khamenei, would lead to a smooth transition of power, and that the Iranian military would be unable to resist beyond a certain point. However, this appears unlikely. Iran's election of Khamenei's son, Mojtaba, considered even more radical than Khamenei, as its new Supreme Leader signaled a shift in power. The Iranian military is also demonstrating greater offensive capabilities. Besides targeting Israel, it is capable of attacking US military bases in West Asia, as well as oil and civilian areas there. Its lethal capabilities suggest that, rather than accepting defeat, it intends to drag West Asia into this war. If this happens, the global crisis will worsen, and America will also be affected.



# टैक्स के बड़े बकाएदारों पर शिकंजा, कई की संपत्ति सील

मुरादाबाद । मार्च के महीने में नगर निगम के गृहकर व जलकर का बकाया टैक्स जमा न करने वालों पर टैक्स अनुभाग की टीमों ने कार्रवाई की। कई बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सहित 20 भवनों को सील कर टीम ने 75,64,344.00 रुपये का बकाया राजस्व वसूल किया। वर्तमान वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने में गृहकर व जलकर के बड़े बकाएदारों पर नगर निगम का चाबुक चल रहा है। बुधवार को टीमों ने 1,42,840.36 रुपये के बकाएदार बाला की सराय निवासी जयप्रकाश का प्रतिष्ठान सील कर दिया। इसके अलावा टीम ने गोपाल सरन, कोठीवाल, कंजरी की सराय का प्रतिष्ठान 10,7 8, 01.83 रुपये के बकाए और सुरेश कुमार भाटिया, कंजरी की सराय के प्रतिष्ठान को 1,02,715. 49 रुपये और मुन्नी देवी पत्नी आरएन यादव, बाला की सराय के ऊपर 29,7,593.76 रुपये और दिनेश कुमार सचदेवा, सागर सराय पर 1,76,233 रुपये के बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान व भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं टीम ने जगमोदन, सब्बरवाल, गांधी नगर पर 3,69,103 और जावेद हुसैन, मुगलपुरा-2 पर टैक्स के 5,39,876 रुपये के बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिया। इसके अलावा टीम ने अमतुल्य इण्टर प्राईजेज, असालतपुरा पर 14,50,262 रुपये बकाया था, जिसमें से 7,00,000 रुपये जमा कराने के बाद प्रतिष्ठान सील कर दिया।वहीं अन्य बकाएदारों के साथ ही मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली, कांठ और रामपुर रोड आदि पर स्थित 20 भवनों की सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीमों ने 75,64,344.00 रुपये का बकाया टैक्स की धनराशि वसूल की। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी,मंगल सिंह पापड़ा और सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।



# बाइक का पहिया लगने से नाराज लोगों ने घर में घुसकर किया हमला

रामपुर। बाइक का पहिया लगने के मामूली विवाद में कुछ लोगों ने एक घर पर हमला कर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित परिवार की महिला ने सिविल लाइंस कोतवाली में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।विवेक विहार कॉलोनी निवासी आशा ने बताया कि उसका बेटा राजू घर का सामान लेने दुकान गया था। रास्ते में बुलंद कॉलोनी निवासी वीर सिंह की बाइक का पहिया उसे लग गया, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। पति रामचंद्र ने बेटे को समझाकर घर ले आए।आरोप है कि इसके बाद वीर सिंह अपने भाइयों पवन और विक्की के साथ उनके घर आया और मारपीट शुरू कर दी। रामचंद्र और दोनों बेटों को पीटकर घायल कर दिया गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइंस कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# रंजिश में पड़ोसियों ने महिला और उसकी बेटी को पीटा

रामपुर। सिविल लाइंस क्षेत्र की आसरा कॉलोनी में रंजिश में पड़ोसियों ने घर में घुसकर एक महिला और उसकी बेटी को पीट दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है। आसरा कॉलोनी निवासी शबाना ने बताया कि उसका पति मजदूरी करता है, जिस कारण वह अक्सर घर से बाहर रहता है। वह अपनी बेटी आरजू के साथ घर पर रहती है। पड़ोस में रहने वाली नगीना से किसी बात को लेकर पहले विवाद हुआ था, जिससे वह रंजिश मानती है। आरोप है कि सोमवार को नगीना अपने पति रेहान के साथ उसके घर में घुस आई और गाली-गलौज करते हुए शबाना को पीटना शुरू कर दिया। बचाने आई बेटी आरजू के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर अन्य कॉलोनी के लोग आ गए, जिस पर दोनों आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने नगीना और रेहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेनेरिक दवा लिखने से परहेज कर रहे निजी डॉक्टर, महंगी दवाएं खरीदना मजबूरी

रादाबाद। सरकार की ओर से मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले में जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन निजी अस्पतालों में डॉक्टर अभी भी पर्चों पर ब्रांडेड दवाओं के नाम ही लिख रहे हैं। जेनेरिक दवाएं लिखने से परहेज किए जाने के कारण मरीजों को महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर भी जेनेरिक दवाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। डॉक्टरों के पर्चों में ब्रांडेड दवाओं के नाम लिखे होने के कारण मेडिकल स्टोर संचालक भी वही दवाएं रखने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में जिन मरीजों को कम कीमत पर दवाएं मिल सकती थीं, उन्हें भी अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इस मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. सीपी सिंह का कहना है कि एलोपैथिक यानी ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता करीब 20 प्रतिशत तक कम होती है। उनका कहना है कि इसी कारण अधिकांश डॉक्टर मरीजों के उपचार में बेहतर परिणाम के लिए ब्रांडेड दवाएं ही लिखना उचित समझते हैं। हालांकि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि डॉक्टर जेनेरिक दवाओं के नाम लिखें और मेडिकल स्टोरों पर उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो, तो मरीजों को सस्ती और प्रभावी दवाएं मिल सकती हैं। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ भी आम लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेगा। बोले, तीमारदार और मरीज- तीमारदार पवन ने बताया कि पर्चे में ब्रांडेड दवाओं के नाम लिखे होते हैं, जिन्हें मेडिकल स्टोर से ही लेना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यदि जेनेरिक दवाएं लिखी जाएं तो गरीब व मध्यम वर्ग के मरीजों को राहत मिल सकती है। मरीज शारिक के मुताबिक कई बार जन औषधि केंद्र पर दवा पूछने पर कहा जाता है कि डॉक्टर ने जो नाम लिखा है। उसी के अनुसार दवा लेनी होगी। ऐसे में उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं।



# अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध के चलते गहराया LPG गैस सिलेंडर और पेट्रोल संकट

मुरादाबाद । अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। घरेलू रसोई गैस की कीमतों में 60 रुपये की बढ़ोत्तरी के बाद उसकी आपूर्ति का संकट गहरा रहा है। घरों में गैस सिलेंडर खत्म होने से पहले ही हर उपभोक्ता उसे भराने में लगा है। हालांकि सरकार के आदेश पर आयल कंपनियों ने बुकिंग के नये नियम लागू कर दिया है। जिससे 25 दिन से पहले गैस की बुकिंग न होने से लोग मुश्किल में पड़ गए हैं। यह स्थिति मंडल के सभी जिलों में बनी हुई है। जिन उपभोक्ताओं के पास केवल एक कनेक्शन, उनके सामने संकट सबसे अधिक है। गैस कब खत्म हो जाए इससे उनकी चिंता बढ़ गई है। वहीं दो सिलेंडर रखने वाले भी उसे भराने के लिए बुकिंग कर रहे हैं लेकिन पिछली रिफिलिंग के बाद 25 दिन के नियम ने उनको चक्कर में डाल दिया है। समस्या यह है कि यदि गैस सिलेंडर खत्म हो गया तो वह किस पर खाना पकाएंगे। वहीं, अनाधिकृत तरीके से छोटा गैस सिलेंडर रिफिल करने वाले भी अवसर का लाभ लेने में जुट गए हैं। ऐसे दुकानदारों ने 30 रुपये प्रति किलो दाम बढ़ा दिए हैं। अब चार किलो के छोटे गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के लिए 90 की जगह 120 रुपये प्रति किलो का रेट ले रहे हैं। इस अवसर से छोटे सिलेंडर रिफिल करने वालों की चांदी हो गई है। हालांकि, सरकार के सख्त संदेश के बाद रिफिलिंग का काम चोरी छिपे चल रहा है। वहीं, गैस एजेंसियों के हाकर भी बुक सिलेंडर दूसरों को बेचकर मुनाफा कमाने में जुट गए हैं। वहीं, पेट्रोल पंपों पर भी लोग पेट्रोल डीजल लेने में जुट गए हैं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार के संकट से इनकार किया जा रहा है।गैस एजेंसियों पर पहुंचे अधिकारी, स्टॉक सत्यापन कर देखा बैकलॉग- अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच खाड़ी देशों की वर्तमान वैश्विक स्थिति में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी व जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर टीमों ने गैस वितरक एजेंसियों पर पहुंच कर जांच की। रास्ते में जा रहे गैस लदे वाहन को भी रोक कर चेक किया। जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि बिलारी गैस एजेंसी बिलारी, राष्ट्रीय भारत गैस एजेंसी ईंधनपुर नगला, मेसर्स रिलायंस गैस एजेंसी पीलीकोठी मुरादाबाद, मेसर्स रजा गैस एजेंसी सूरजनगर, मेसर्स सीजेएचएम कांठ, हरिकृपा गैस एजेंसी डिलारी, मो. शफी इंडेन वितरक ठाकुरद्वारा, सुगंध एचपी गैस एजेंसी ग्राम नवादा, शिव साईं भारत गैस ठाकुरद्वारा की मौके पर पहुंच कर जांच की गई। मौके पर मिले उपभोक्ताओं का बयान भी लिया गया। एजेंसियों पर स्टॉक सही पाया गया। अधिक दिनों का बैकलॉग नहीं पाया गया। निर्देश दिया गया कि किसी प्रकार की जमाखोरी व कालाबाजारी नहीं होना चाहिए। अन्यथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कराते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होटल वालों को मिल रहा पांच किलो गैस से भरा कामर्शियल सिलेंडर- रामपुर होटलों और रेस्टोरेंट में लकड़ी और कोयले की भट्टी पर व्यंजन तैयार हो रहे हैं। होटल वालों को पांच किलो वाला कामर्शियल सिलेंडर दिया जा रहा है, जबकि पूरे दिन में औसतन 15 किलो गैस खर्च होती है। गैस की किल्लत के चलते होटल और रेस्टोरेंट संचालक पुरानी डगर पर लौट आए हैं। होटल और रेस्टोरेंट स्वामियों ने कोयले और लकड़ी की भट्टियों पर रोटी और सब्जियां बनाना शुरू कर दिया है। गैस ने आदत बिगाड़ दी है अब लकड़ी के चूल्हों और कोयले की भट्टियों पर काम करना मुश्किल हो जाएगा। घरेलू गैस कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को ही ओटीपी से मिलेगी। गैस की किल्लत होने पर अमृत विचार ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से बातचीत की। गैस सिलेंडर की किल्लत की अफवाह से बढ़ी परेशानी- बुधवार को गजरौला में भारत गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर गैस सिलेंडर रिफिल कराने आए ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। कई लोगों ने सिलेंडर की आपूर्ति में देरी को लेकर एजेंसी के भीतर नाराजगी जताते हुए हंगामा भी किया। गजरौला में घर-घर सिलेंडर पहुंचाने वाले डिलीवरी मैन के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ गई है। चर्चा और आफवाह से आम लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। खासकर गृहिणियां काफी चिंता में हैं। जिन परिवारों के पास एक या दो ही सिलेंडर हैं, वे रिफिल न होने के कारण इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं।उधर, इस स्थिति के बीच बाजार में बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। कई लोग संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे खरीदते दिखाई दे रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

# महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज

शाहबाद। नगर के एक मोहल्ले में रह रही विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न और दो देवरों पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।पीड़िता के अनुसार उसकी शादी फरवरी 2016 में बरेली के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव अजमेर निवासी से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। दो बच्चे होने के बावजूद उसे परेशान किया जाता रहा।आरोप है कि पति की गैरमौजूदगी में दो देवर उससे छेड़खानी करते थे और देवरानी उनका साथ देती थी। करीब पांच वर्ष पहले पति ने उसे दोनों बच्चों के साथ घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके शाहबाद में रह रही है। 18 फरवरी 2026 को ससुराल के लोग उसके मायके पहुंचे और मारपीट करने के साथ जबरन घसीटने का प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने उसे बचाया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रेडिको खेतान के एजीएम के अपहरण का प्रयास

रामपुर। रेडिको खेतान फैक्टरी के सहायक महाप्रबंधक का दिनदहाड़े अपहरण करने की कोशिश हुई। एजीएम के शोर मचाने पर अपहरण की कोशिश करने वाले धमकाते हुए भाग गए। इसके बाद पीड़ित सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के शिवापुरम कॉलोनी निवासी पवन कुमार अग्रवाल रेडिको खेतान में सहायक महाप्रबंधक (स्टोर्स ) के पद पर तैनात हैं। उनका कहना है कि बुधवार की दोपहर वह लंच के बाद कार से अपने साथी एजीएम अरविंद कुमार यादव के साथ वापस फैक्टरी जा रहे थेबरेली रोड पर पहुंचने के बाद उनकी कार के आगे एक कार आकर रुकी और दो लोग कार से बाहर निकले और उनको धमकाने लगे। आरोप है कि इस दौरान उनको कार से बाहर खींचने की कोशिश की। जब वह नीचे नहीं उतरे तो आरोपी ने अपने साथी से कहा कि इसे नीचे उतारकर अपनी गाड़ी में डाल लो। उन्होंने विरोध करते हुए कार को पीछे किया। इस बीच हंगामा होने पर तमाम लोग मौके पर आ गए। भीड़ बढ़ने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इसके बाद पवन सिविल लाइंस थाने पहुंचे और मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी। उनका कहना है कि आरोपी राहुल नरुला मैसर्स बालाजी रोड लाइंस के नाम की ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाता है। उसकी गाड़ियां फैक्टरी में लगी थीं। काम सही न होने के कारण उन्होंने राहुल नरुला को ब्लैक लिस्ट कर उनकी गाड़ियों को हटा दिया था, जिस कारण राहुल उनसे रंजिश रखता है। पुलिस ने राहुल नरुला व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस कोतवाल ओमकार सिंह के अनुसार एजीएम की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है।

# दहेज के लिए दो विवाहिताओं को घर से निकाला, प्राथमिकी

रामपुर। दहेज की खातिर दो विवाहिताओं को मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने के मामले में पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। दोनों मामले सिविल लाइंस क्षेत्र से जुड़े हैं।

क्षेत्र के मंडैया नादरबाग निवासी मोनिका ने बताया कि उसका विवाह 2017 में राजेश से हुआ था। आरोप है कि दहेज में पांच लाख रुपये और बाइक न देने पर पति राजेश, ससुर अमर सिंह, सास जानकी देवी, देवरानी शिवानी, ननद बबीता, द्रोपद्री और सुनीता ने उसे प्रताड़ित किया।दूसरे मामले में फ्रैंडस कॉलोनी निवासी राखी सैनी ने आदर्श कॉलोनी निवासी अभय, ससुर सुरेश साहू, सास कंचन, ननद आकांक्षा और देवर एलन पर दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकालने का आरोप लगाया है।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# एलपीजी से चलने वाले वाहनों पर रोक, कल से परिवहन व पुलिस का संयुक्त अभियान




क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत। पीलीभीत जनपद में एलपीजी से संचालित वाहनों के संचालन पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) वीरेन्द्र सिंह ने सभी एलपीजी युक्त वाहन स्वामियों और चालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आगामी आदेशों तक अपने वाहनों का संचालन एलपीजी के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन यानी पेट्रोल से ही करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में वाहन एलपीजी ईंधन पर संचालित नहीं किए जाएं। साथ ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर से वाहनों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वालों और करवाने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधि में लिप्त पाया गया तो संबंधित दोनों पक्षों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिन वाहनों में अवैध रूप से एलपीजी किट लगाकर संचालन किया जा रहा है, उनके वाहन स्वामियों और चालकों को भी चेताया गया है। ऐसे वाहन संचालित करते पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से वाहन का पंजीयन निलंबित किया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इन निर्देशों के अनुपालन के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा शुक्रवार से विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान यदि कोई वाहन एलपीजी पर संचालित होता पाया गया या कहीं भी वाहनों में अवैध रूप से एलपीजी रिफिलिंग होती मिली तो संबंधित वाहन को मौके पर ही सीज करते हुए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चार हजार करोड़ रुपये की नौ परियोजनाओं का शिलान्यास कर सकते हैं सीएम योगी आदित्य नाथ

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। विकास प्राधिकरण (बीडीए) चार हजार करोड़ की नौ परियोजनाओं से शहर की सूरत बदलने की तैयारी में है। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में 60 करोड़ रुपये से एक हजार एलआईजी और ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण होगा। 125 हेक्टेयर जमीन पर 2,800 करोड़ से औद्योगिक टाउनशिप विकसित की जाएगी। बीडीए प्रदेश का ऐसा पहला प्राधिकरण होगा जो अपनी औद्योगिक टाउनशिप विकसित करेगा। मुख्यमंत्री इसी माह बीडीए की नौ परियोजनाओं का शिलान्यास कर सकते हैं। रामगंगानगर आवासीय योजना के सेक्टर आठ में 56.78 करोड़ से जल मनोरंजन उद्यान व 34.73 करोड़ रुपये से स्पेस म्यूजियम का भी निर्माण कराया जाएगा। ग्रेटर बरेली योजना के सेक्टर-10 में 31.13 करोड़ से 500 एलआईजी और 28.22 करोड़ रुपये से 500 ईडब्ल्यूएस भवन बनाए जाएंगे। ग्रेटर बरेली के सेक्टर सात में 30.40 करोड़ रुपये की लागत से नाथ पंथ म्यूजियम का निर्माण भी होगा। 14.79 करोड़ रुपये से अधिकारियों के आवास भी बनाए जाएंगे। 48.89 करोड़ की कुछ और भी योजनाएं विकसित की जाएंगी। औद्योगिक टाउनशिप के लिए यहां ली जाएगी जमीन रहपुरा जागीर, रसूला चौधरी, ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहपुर पश्चिमी, चिटौली में औद्योगिक टाउनशिप के लिए बीडीए जमीन का अधिग्रहण करेगा। पीलीभीत बाइपास पर 268 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय योजना विकसित होगी। इन दोनों के लिए अगले हफ्ते से जमीन अधिग्रहण की तैयारी है। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. ने बताया कि प्रदेश में बीडीए इकलौता ऐसा विकास प्राधिकरण बनने जा रहा है जो अपनी औद्योगिक टाउनशिप विकसित करेगा। इनके अलावा आवासीय योजनाएं, पार्क, स्पेस म्यूजियम आदि के जरिये विकास कार्यों को गति देने की कोशिश की जा रही है। लिए प्रदेश सरकार की ओर से बजट भी स्वीकृत किया गया है।।

# एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने को प्रशासन सख्त , जिला पूर्ति अधिकारी ने किया दौरा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। एलपीजी गैस की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। गुरुवार को जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने शहर की कई गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मै0 योगेश एंटरप्राइजेज राजेंद्र नगर, मै0 वीना इंडियन गैस सर्विस आईवीआरआई रोड, मै0 गोयल एंटरप्राइजेज हार्टमैन कॉलेज रोड तथा मै0 बरेली गैस सर्विस सवाले नगर के गोदामों की जांच की गई।



इस दौरान गोदामों में मौजूद गैस सिलेंडरों के स्टॉक का ऑनलाइन स्टॉक स्टेटस से मिलान किया गया, जिसमें स्टॉक सही पाया गया और मौके पर कोई अनियमितता नहीं मिली। जिला पूर्ति अधिकारी ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर की बुकिंग मिलने के बाद उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द घर तक डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी एजेंसी के खिलाफ ओवर रेटिंग या अनियमितता की शिकायत मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की सभी गैस एजेंसियों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए संबंधित उपजिलाधिकारी और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों को भी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय की हेल्पलाइन 9456667774 जारी की गई है। गैस रिफिल से जुड़ी किसी भी शिकायत को इस नंबर पर दर्ज कराया जा सकता है। साथ ही लोगों को इंडियन ऑयल के वन ऐप के माध्यम से गैस बुकिंग के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान इंडियन ऑयल के हेड नितिन बिंदल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, आपूर्ति लिपिक राजेश कुमार अधिकारी तथा आशीष कुमार मौजूद रहे।

# एसएसपी कार्यालय में 'संवेदनशीलता कक्ष' और पेंशनर रूम का हुआ उद्घाटन




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। फरियादियों और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसएसपी कार्यालय बरेली में दो नए कक्षों – संवेदनशीलता कक्ष (फरियादी हॉल) और पेंशनर रूम – का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने इन सुविधाओं का औपचारिक शुभारंभ किया, जबकि पेंशनर रूम का फीता एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने काटकर उद्घाटन किया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि संवेदनशीलता कक्ष विशेष रूप से उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी शिकायत लेकर पुलिस कार्यालय आते हैं। इस हॉल में लगभग 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, ताकि जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को गर्मी या भीड़ में खड़े होकर इंतजार न करना पड़े। फरियादी हॉल के अलावा एसएसपी कार्यालय में पेंशनर रूम भी बनाया गया है। यह कक्ष सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और पुलिस परिवार के सदस्यों के लिए समर्पित है, ताकि वे अपने काम से कार्यालय आने पर आरामदायक और व्यवस्थित वातावरण में बैठ सकें। अधिकारियों के अनुसार दोनों कक्षों का निर्माण सरकारी स्वीकृत बजट से कराया गया है और निर्माण गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर बरेली में ट्रैफिक डायवर्जन, 14-15 मार्च को भारी वाहनों की एंट्री रहेगी प्रतिबंधित

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद बरेली में 14 व 15 मार्च 2026 को ट्रैफिक व्यवस्था में विशेष बदलाव किया गया है। भारी वाहनों के लिए डायवर्जन सुबह 05ः00 बजे से शाम 08ः00 बजे तक लागू रहेगा, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रैफिक व्यवस्था के तहत महानगर बरेली से रामपुर व दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन मिनी बाईपास से झुमका चौराहे की बजाय महादेव पुल, श्यामतगंज पुल, विलयधाम और विल्वा पुल होते हुए गुजरेंगे। वहीं दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर की ओर से शहर में आने वाले भारी वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होते हुए विल्वा पुल, विलयधाम और इन्वर्टिस तिराहा के रास्ते ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचेंगे। बदायूं की ओर से लखनऊ, शाहजहांपुर और पीलीभीत जाने वाले वाहन रामगंगा तिराहा से बुखारा मोड़ और फरीदपुर के रास्ते अपने गंतव्य को जाएंगे। जबकि लखनऊ व शाहजहांपुर से दिल्ली, रामपुर और मुरादाबाद जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास, विलयधाम, विल्वा और झुमका तिराहा होते हुए आगे बढ़ेंगे। पीलीभीत और नैनीताल की तरफ से बदायूं जाने वाले वाहन बड़ा बाईपास से फरीदपुर के रास्ते भेजे जाएंगे। हालांकि यह डायवर्जन आकस्मिक सेवा वाहनों, रोडवेज बसों और नगर निगम की बसों पर लागू नहीं होगा।प्रशासन के अनुसार थाना बारादरी, प्रेमनगर, इज्जतनगर, सीबीगंज, कोतवाली, किला और हाफिजगंज क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी छोटे वाहन, दोपहिया, ऑटो और ई-रिक्शा से पहुंच सकेंगे।

जिन परीक्षार्थियों का केंद्र बरेली कॉलेज और बरेली इंटर कॉलेज है, उन्हें बरेली कॉलेज के पश्चिमी गेट (कालीबाड़ी मंदिर की ओर) से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि परीक्षा के दिन पूर्वी गेट (मानसिक चिकित्सालय की ओर) बंद रहेगा। प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे पर्याप्त समय लेकर घर से निकलें तथा शहर में प्रवेश के लिए झुमका तिराहा, विल्वा अंडरपास, विलयधाम अंडरपास, इन्वर्टिस तिराहा, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ जैसे वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# भुता पुलिस ने NBW वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर चलाए जा रहे स्थायी और अस्थायी एनबीडब्ल्यू अभियान के तहत थाना भुता पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार वाद संख्या 464/25, अपराध संख्या 380/24 धारा 126(2)/304 बीएनएस से संबंधित वारंटी अभियुक्त रवि पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम केसरपुर थाना भुता जनपद बरेली उम्र 22 वर्ष को दिनांक 12 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ एसीजेएम-8 बरेली न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट (NBW) जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जनपद पीलीभीत की माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई को थाना भुता पुलिस टीम ने अंजाम दिया, जिसमें उपनिरीक्षक ऋषि मित्र और कांस्टेबल अजय कुमार शामिल रहे। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

# चंद वीआईपी इलाकों तक सिमट गया विद्युत विभाग का विकास

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। आंवला-बरेली से समाजवादी पार्टी से सांसद नीरज मौर्य द्वारा लोकसभा में ग्रामीण बिजली वितरण व्यवस्था को सुधारने तथा जर्जर विद्युत तारों को बदले जाने वाली आरडीएसएस योजना को लेकर पूछे गए प्रश्न से रोचक जानकारी सामने आई है । उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योजना के तहत स्वीकृत 21204 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का तीस प्रतिशत हिस्सा (6314 करोड़) पहले से ही संतृप्त कुल पांच चुनिंदा वीआईपी जिलों वाराणसी, कानपुर, नौयडा, लखनऊ और प्रयागराज में खर्च किया गया है। जबकि जर्जर विद्युत तारों की समस्या से जूझ रहे शेष 70 सामान्य जनपदों को शेष 70 प्रतिशत (14890 करोड़) में निबटा दिया गया हैं। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबके साथ और सबके विकास की बात करती है। मगर जब योजनाओं का लाभ लेना होता है तो चंद वीआईपी क्षेत्रों तक सीमेंट के रह जाता है भाजपा का विकास ।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# आरटीओ में डीएम का छापा, दलालों में मची भगदड

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में गुरुवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अचानक हुई छापेमारी से हड़कंप मच गया। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों को देखते ही वर्षों से परिसर में जमे दलालों में भगदड़ मच गई और कई दलाल मौके से फरार हो गए। डीएम के निर्देश पर बुलडोजर चलाकर परिसर के बाहर लगे दलालों के अस्थायी खोमचे और अड्डे भी हटवा दिए गए। अवैध वसूली की शिकायत पर हुई कार्रवाई- आरटीओ कार्यालय में लंबे समय से दलालों द्वारा अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। बताया जाता है कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने और वाहनों की फिटनेस कराने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूली जा रही थी। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को जिला प्रशासन ने अचानक छापा मार दिया। गेट बंद कर शुरू हुई पूछताछ- छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले आरटीओ कार्यालय के सभी गेट बंद करवा दिए। इसके बाद परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की गई। जिस काम के लिए लोग आए थे, उनके कागजात भी चेक किए गए। कुछ लोग संदिग्ध नजर आए तो उनसे गहन पूछताछ की गई, हालांकि दस्तावेज सही मिलने पर उन्हें जाने दिया गया। दीवार फांदकर भागे कई दलाल- अचानक हुई कार्रवाई से दलालों में अफरा-तफरी मच गई। पकड़े जाने के डर से कई दलाल दीवार फांदकर भागते नजर आए। जब तक प्रशासन की टीम दलालों के ठिकानों तक पहुंचती, उससे पहले ही अधिकांश दलाल मौके से फरार हो चुके थे।



# 53 केंद्रों पर दरोगा भर्ती परीक्षा, डीआईजी अलर्ट, सॉल्वर पकड़े गए तो सीधे जेल



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को नकलविहीन और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। 14 और 15 मार्च को बरेली मंडल के चार जिलों- बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के 53 केंद्रों पर 73,920 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। डीआईजी अजय साहनी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या सॉल्वर गिरोह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पकड़े जाने पर सीधे एफआईआर कर जेल भेजा जाएगा। बरेली जिले में 19 केंद्रों पर 32,640 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। निगरानी के लिए करीब 950 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सभी केंद्रों पर बायोमेट्रिक एंट्री, मेटल डिटेक्टर से जांच और कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगी। सुरक्षा के लिए प्रत्येक केंद्र पर सीओ और थाना प्रभारी की निगरानी रहेगी तथा भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही एलआईयू और साइबर टीम सोशल मीडिया पर नजर रखेगी। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को देखते हुए होटल संचालकों को रेट लिस्ट लगाने और रेलवे-रोडवेज से समन्वय कर परिवहन व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एबीवीपी जिला संयोजक पर फायरिंग के विरोध में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक पर हुए कथित जानलेवा हमले के विरोध में संगठन के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के मुताबिक, परिषद के जिला संयोजक शुभ गंगवार पर 9 मार्च की शाम ग्राम सिंधौरा के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर जानलेवा हमला किया था। बताया गया कि उस समय शुभ गंगवार कार से अपने नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज जा रहे थे, तभी बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। हालांकि घटना में वह बाल-बाल बच गए।

# चोरी के मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ ब ह रा इ च/श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व श्रीमान




क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री पहुप सिंह के कुशल नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश सिंह रावत के निर्देशन में उ0नि0 राहुल सरोज मय हमराही पुलिस द्वारा आज दिनांक 12.03.2026 को विभिन्न चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्त को समय 05.20 बजे में एक नफर अभियुक्त 1.अबरार अहमद पुत्र लड्डुन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी घसियारन मोहल्ला थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को बरामद शुदा माल एक जोडी पायल सफेद धातु, एक जोडी बिछिया सफेद धातु, एक पीस ताबीज सफेद धातु, एक चांदी का सिक्का सफेद धातु व 02 अदद मोबाइल व बरामद एक अदद हैंड पैकेट सीलिंग मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया द्य चोरी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 48/2026 धारा 305(़) बीएनएस व मु0अ0सं0 364/2025 धारा 305(़) बीएनएस व मु0अ0सं0 33/2026 धारा 305(ष्ठ) बीएनएस से सम्बंधित है एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त 01. अबरार अहमद उपरोक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया द्य अभियुक्त का नाम – 1. अबरार अहमद पुत्र लड्डुन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी घसियारन मोहल्ला थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच

# संसद से नरेंदर गायब, देश से सिलेंडर गायब: एलपीजी संकट पर राहुल गांधी का बयान, केंद्र सरकार से पूछे तीखे सवाल

राहुल गांधी ने एलपीसी और ईंधन संकट मामले में पीएम मोदी को घेरा है। उन्होंने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन की तस्वीरों के साथ फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में नहीं मौजूद रहने को लेकर तीखी टिप्पणी के संकट को लेकर भी विपक्ष के नेता ने और क्या गायब, देश से सिलेंडर राहुल गांधी का बयान, केंद्र सवालकांग्रेस नेता राहुल केंद्र सरकार को घेरा है। लिए अग्रिम तैयारी किए



की। राहुल ने देश में रसोई गैस सवाल किए। लोकसभा में बातें कहीं?%संसद से नरेंदर गायब%़ एलपीजी संकट पर सरकार से पूछे तीखे गांधी ने ऊर्जा सुरक्षा मामले में उन्होंने संकट से निपटने के जाने का आह्वान करते हुए कहा, अगर ऐसा नहीं किया गया, तो भविष्य में करोड़ों लोगों को नुकसान उठाना पड़ेगा। राहुल का ये बयान एलपीजी की कमी को लेकर आई हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आया है। उन्होंने संसद परिसर में पत्रकारों से बात करने के अलावा सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए भी सरकार को घेरा।संसद में पीएम मोदी के नहीं आने पर तीखा हमला – राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की संसद में अनुपस्थिति को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने अपने फेसबुक पर संसद परिसर में विरोध–प्रदर्शन की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, %संसद से नरेंदर गायब, देश से सिलेंडर गायब!% इस मामले में फेसबुक पोस्ट के अलावा राहुल ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, पीएम मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने में असमर्थ हैं क्योंकि वह फंसे हुए हैं। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के लोग सुरक्षित रहें और देश की ऊर्जा सुरक्षा का प्रबंधन हम स्वयं करें।हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, गैस और ईंधन एक बड़ी समस्या बनने वाले हैं क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह ईरान के होर्मुज क्षेत्र से तेल के जहाजों को आने की अनुमति देने या न देने से भी बड़ा मुद्दा है। बकौल राहुल गांधी, पश्चिम एशिया में हो रहा युद्ध मूल रूप से वर्तमान विश्व व्यवस्था के बारे में है। अस्थिर समय को देखते हुए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि संभावनाओं पर गहराई से विचार करे, जिससे देश के लोगों को नुकसान न उठाना पड़े।राजनीतिक बयान नहीं दे रहे ऊर्जा सुरक्षा पर चिंता और इस मुद्दे पर सियासत के आरोपों को लेकर राहुल गांधी ने कहा, वह कोई राजनीतिक बयान नहीं दे रहे हैं। यदि समस्या ईरान के स्तर पर भी हल हो जाए, तब भी यह संकट दूर नहीं होगा। दुनिया की संरचना बदल रही है। पीएम मोदी को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत के लोग सुरक्षित रहें। उम्मीद है कि सरकार विपक्ष की बात सुनेगी।

# खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण से स्वरोजगार के लिए प्रेरित हुए ग्रामीण

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत। राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र पीलीभीत की ओर से मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकास खंड बीसलपुर के ग्राम परेवा किशनी में दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 11 से 12 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान आकाश कमल ने किया। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और तकनीकों की जानकारी दी गई, ताकि वे छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें। अतिथि व्याख्यान दाताओं के रूप में सुधाकर, वीरेंद्र कुमार पाली, अभिप्रिय, पवन कुमार और अखिलेश कुमार ने प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभाग की ओर से 30 लाभार्थियों को मिश्रित आचार बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान केंद्र की ओर से प्रतिभागियों को पेन, पैड, फोल्डर और अन्य प्रशिक्षण सामग्री वितरित की गई। प्रतिभागियों के लिए जलपान और अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अनीता देवी, अंशु, रामबेटी, मंजू, हसीना देवी, आशा देवी, पूनम, शांति देवी, कन्यावती, तुलसी, गायत्री देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# ईद-उल-फितर को लेकर थाना डिलारी में शांति समिति की बैठक, ढकिया में पुलिस का फ्लैग मार्च

क्यूँ न लिखूँ सच/ डिलारी – जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी परिसर में पवित्र रमजान माह और



आगामी त्यौहार ईद–उल–फितर को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा और थाना अध्यक्ष डिलारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों, ग्राम प्रधानों और विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए, ताकि समाज में एकता और सद्भाव बना रहे। अधिकारियों ने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और



यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहेगा। बैठक के उपरांत थाना डिलारी पुलिस ने पुलिस बल के साथ नगर पंचायत ढकिया में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण तथा भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि सभी लोग सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में ईद का पर्व मना सकें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा और थाना प्रभारी डिलारी ने थाने के सभी चौकीदारों को उनके योगदान के लिए उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया,



जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर–समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई–झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी–खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

### 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ ब ह रा इ च/श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अपराध की रोकथाम एंव वांछित / वारन्टी अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु




चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय(नगर) व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पयागपुर महोदय के निर्देशन में थानाध्यक्ष पयागपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.03.2026 को 01 नफर वांछित अभियुक्त अकील खान पुत्र अमीन हसन निवासी मोहल्ला पसियन टोला कस्बा तम्बौर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को मु0अ0सं0 404/2025 धारा 210/318(4) BNS व 26,8,18,21 NDPS Act में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर पुलिस अभिरक्षा में माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया । अभियुक्त का नाम व पता–. 1. अकील खान पुत्र अमीन हसन निवासी मोहल्ला पसियन टोला कस्बा तम्बौर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर विवरण गिरफ्तारी टीम – 1. उ0नि0 श्री धात्रीशंकर सहाय सिंह 2. का0 सुरेश यादव

### नगर कोतवाली पुलिस ने बरामद की चोरी की बाइक, मालिक के चेहरे पर लौटी मुस्कान

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ ब ह रा इ च/ उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चोरी हुई एक मोटरसाइकिल को सकुशल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सौंप




दिया है। जानकारी के अनुसार, शहर के नाजिरपुरा मोहल्ले के निवासी मनीष पांडे के घर के सामने से अज्ञात चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल पार कर दी थी। वाहन चोरी होने के बाद पीड़ित मनीष पांडे ने तत्काल इसकी लिखित शिकायत नगर कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस की सक्रियता से मिली सफलता नगर कोतवाली पुलिस टीम की सक्रियता औ सघन चेकिंग के चलते चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आज कोतवाली नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल मनीष पांडे के सुपुर्द कर दी। वाहन स्वामी ने पुलिस को जताया आभार अपनी खोई हुई बाइक वापस पाकर मनीष पांडे की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उनका कहना था कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि बाइक इतनी जल्दी मिल जाएगी, लेकिन पुलिस के प्रयासों से आज उनका वाहन उनके पास है।

# मसूरी से छह लोग देश विरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार, यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वालों के संपर्क में थे सभी

पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। उनकी कॉल जानकारी पर भी पुलिस की टीम काम कर रही है। आईबी को यह इनपुट मिला है कि ये लोग लोनी के सलीम वास्तिक पर हमला करने वालों के संपर्क में की टीम ने गुरुवार को गाजियाबाद छह लोगों को गिरफ्तार किया। इन शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार जुनैद (23), फरदीन (22), और जावेद (45) शामिल हैं।गांव लोनी में यूट्यूबर सलीम स्वास्तिक चौकसी बढ़ाई गई थी। इसी दौरान व्यक्ति देश विरोधी भड़काऊ से मसूरी थाने में गहन पूछताछ की पुलिसबल तैनात किया गया है ताकि जा सके। अधिकारियों के स्तर पर जा रही है। पुलिस आरोपियों के



थे।पुलिस, एटीएस और आईबी के मसूरी स्थित नाहल गांव से पर देश विरोधी गतिविधियों में किए गए लोगों में शावेज (20), इकराम (36), फजलू (48) में भारी पुलिस बल तैनात पर हुए हमले के बाद पुलिस की पता चला कि नाहल के ये छह जानकारी फैला रहे थे। आरोपियों जा रही है। गांव में भी भारी किसी भी अप्रिय घटना से बचा इस पूरे मामले की निगरानी की आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। उनकी कॉल जानकारी पर भी पुलिस की टीम काम कर रही है। आईबी को यह इनपुट मिला है कि ये लोग लोनी के सलीम वास्तिक पर हमला करने वालों के संपर्क में थे।देश विरोधी गतिविधियों के आरोप– आरोप है कि गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्ति देश विरोधी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। ये लोग इंटरनेट और अन्य माध्यमों से देश विरोधी भड़काऊ जानकारी प्रसारित कर रहे थे। उन्होंने अपना एक अलग समूह भी बनाया हुआ था। इस समूह के माध्यम से वे अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। लोनी में हुए हमले के बाद बढ़ी चौकसी ने इन लोगों का भंडाफोड़ किया। जांच और सुरक्षा व्यवस्था– पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। आरोपियों से मसूरी थाने में पूछताछ जारी है, जिसमें और खुलासे होने की उम्मीद है। गांव में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिसबल तैनात किया गया है। अधिकारियों द्वारा मामले की लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस टीम आरोपियों की कॉल जानकारी और आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है ताकि उनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

# पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने नटेरन में पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच/हाकम सिंह रघुवंशी/विदिशा - लटेरी आनंदपुर में पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु आज नटेरन में म. प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा तहसीलदार आनंद जैन को एस पी के नाम ज्ञापन सौंपा आनंदपुर निवासी पत्रकार मनीष शर्मा पर हुए जानलेवा हमला की मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा घोर निंदा करता है और आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर में श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले आरोपी पर सख्त कार्रवाई के लिए ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया गया की नल जल योजना के निर्माण कार्य की कवरेज एवं वीडियोग्राफी करने मनीष शर्मा गए थे उक्त योजना में हो रही अनीमियताओं को लेकर पत्रकार द्वारा समाचार प्रकाशित किया गया था जिससे नाराज होकर सरपंच पुत्र राधा बल्लभ शर्मा ने पत्रकार मनीष शर्मा के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज की उनका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया तथा पास में पड़ी धारदार गेति से उन पर जानलेवा हमले का प्रयास किया मौके पर उपस्थित लोगों के हस्तक्षेप से एक बड़ी घटना होने से बच गई अन्यथा पत्रकार मनीष शर्मा की

जान को गंभीर खतरा हो सकता था इसी संदर्भ में नटेरन के पत्रकारों ने ज्ञापन दिया इस अवसर पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष हाकम सिंह रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष यशपाल रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष रामसेवक रघुवंशी, सचिन तिवारी ,राजेश रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, नरेन्द्र रघुवंशी, अमित रघुवंशी, अखिलेश रघुवंशी, नीलम रघुवंशी, सुनील चवालिया सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे

# कलेक्टर ने पैलेट्स, विकेट्स एवं आरा मशीन संचालकों के साथ की बैठक



क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी,जिले में घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सामान्य है, हालांकि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी को देखते हुए वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग के संबंध में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को पैलेट्स, विकेट्स, फायरवुड (जलावन लकड़ी) विक्रेताओं एवं आरा मशीन संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, महाप्रबंधक उद्योग अरविंद महेश्वरी सहित पैलेट्स, विकेट्स एवं फायरवुड विक्रेता तथा आरा मशीन संचालक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा वैकल्पिक ईंधन संसाधनों जैसे पैलेट्स, विकेट्स एवं फायरवुड का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन संसाधनों के दामों में अनावश्यक वृद्धि न की जाए। यदि किसी विक्रेता द्वारा निर्धारित दरों से अधिक मूल्य वसूला जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सभी को सहयोग की भावना से कार्य करना चाहिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में उपस्थित पैलेट्स विक्रेताओं ने बताया कि पैलेट्स का निर्माण सरसों के डंठल से किया जाता है तथा जिले में इसके निर्माण के लिए लगभग 20 यूनिट्स संचालित हैं। वर्तमान में पैलेट्स का विक्रय 7800 रुपये प्रति मैट्रिक टन की दर से किया जा रहा है, जबकि विकेट्स का विक्रय 600 रुपये प्रति क्विंटल तथा फायरवुड (जलावन लकड़ी) का विक्रय 700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किया जा रहा है। यह भी बताया गया कि पैलेट्स का विक्रय मुख्यत: एनटीपीसी प्लांटों को किया जाता है।

## दो वर्षो से बंद सोलर पावर प्लांट, अंधेरे में जीने को मजबूर रेडियापारा के ग्रामीण

# हाथी प्रभावित क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित – ग्रामीणों ने कलेक्टर से की त्वरित सुधार की मांग







क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर । जिले के चांदनी बिहरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा के रेडियापारा में क्रेडा विभाग द्वारा स्थापित 10 किलोवाट सोलर पावर प्लांट पिछले लगभग दो वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। लगभग 10 साल पहले लगाया गया था सोलर पावर प्लांट जिसका बैटरी की कम्पनी द्वारा वारटी 5 वर्ष ही होता है लगभग वारंटी कई वर्ष पहले बीत चुका है और विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं किया जा रहा है

सोलर सिस्टम का इनवर्टर और बैटरी पूरी तरह खराब हो जाने के कारण गांव में रोशनी की व्यवस्था ठप हो गई है। इससे पूरे गांव में अंधेरा पसरा रहता है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहले से ही विद्युत लाइन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसी समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग द्वारा गांव में सोलर पावर प्लांट स्थापित कर ग्रामीणों के घरों में रोशनी पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। प्रारंभिक समय में इससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली और घरों में रोशनी के साथ बच्चों की पढ़ाई भी सुचारू रूप से होने लगी।

लेकिन कुछ समय बाद सोलर सिस्टम की बैटरी और इनवर्टर खराब हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से यह सिस्टम पूरी तरह बंद पड़ा है। कई बार विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन को इसकी जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और निराशा का माहौल देखा जा रहा है। हाथी प्रभावित क्षेत्र में अंधेरे से बढ़ा खतरा- रेडियापारा क्षेत्र हाथी प्रभावित इलाका माना जाता है। यहां आए दिन जंगली हाथियों के दल गांव के आसपास पहुंच जाते हैं। अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों के लिए स्थिति और भी भयावह हो जाती है। रात के समय खेतों या घरों से बाहर निकलना जोखिम भरा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि रोशनी न होने से जंगली हाथियों और अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों का समय रहते पता नहीं चल पाता, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। बच्चों की पढ़ाई भी हो रही प्रभावित-गांव में बिजली व्यवस्था ठप होने का सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। अंधेरा होते ही पूरे गांव में सन्नाटा और अंधकार छा जाता है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त रोशनी नहीं मिल पाती। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो बच्चों की शिक्षा पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

सांप और जहरीले कीड़ों का भी खतरा-अंधेरे के कारण ग्रामीणों को सांप और जहरीले कीड़े-मकोड़ों के काटने का खतरा भी बना रहता है। रात के समय घरों के आसपास या रास्तों में निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ता है, लेकिन रोशनी के अभाव में दुर्घटना या किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।आदिवासी बहुल गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव रेडियापारा में अधिकतर आदिवासी गोंड जनजाति के परिवार निवास करते हैं। यह गांव दूरस्थ और वनांचल क्षेत्र में स्थित है, जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी पहले से ही बनी हुई है। ऐसे में सोलर पावर प्लांट बंद होने से ग्रामीणों की समस्याएं और बढ़ गई हैं। कलेक्टर से की गई त्वरित कार्रवाई की मांग-ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग, प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है। इसके बावजूद अब तक मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर से मांग की है कि खराब पड़े सोलर पावर प्लांट के इनवर्टर और बैटरी को जल्द बदलकर सिस्टम को पुन: चालू कराया जाए, ताकि गांव में बिजली व्यवस्था बहाल हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विदिशा पुलिस की पहल – जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिविर में 75 में से 65 शिकायतों का मौके पर निराकरण



क्यूँ न लिखूँ सच/हाकम सिंह रघुवंशी/ आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निराकरण के उद्देश्य से दिनांक 12 मार्च 2026 को पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन, विदिशा में जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया। शिविर में फरवरी 2026 ग्रेडिंग माह एवं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 75 आवेदकों की शिकायतें विस्तार से सुनी गईं, जिनमें से 65 शिकायतों का मौके पर ही संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया गया।

शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव संवेदनशील है और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल सिंह एवं एसडीओपी लटेरी श्री अमरेश बोहरे सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा अधिकारियों - कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। शिविर के दौरान गंभीर प्रकरणों में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अधिकारियों द्वारा संबंधित को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

# विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता जी द्वारा प्राची चौहान का सम्मान किया

क्यूँ न लिखूँ सच/हाकम सिंह रघुवंशी/विदिशा। नटेरन तहसील अंतर्गत ग्राम जोहद की प्राची सिंह चौहान ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 260 हासिल की है। उन्होंने यह सफलता अपने गौधे प्रयास में प्राप्त की। सोमवार को उनके बासौदा में प्रथम नगर आगमन पर स्वागत किया गया था प्राची ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोहद से गणित विषय में 12वीं उत्तीर्ण कर पूरी की। गंजबासौदा के शासकीय सुभद्रा कन्या महाविद्यालय से बीएससी को डिग्री प्राप्त की। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त संसाधनों के अभाव में वे बाहर कोचिंग नहीं जा सकी, लेकिन उन्होंने घर पर रहकर ऑनलाइन पढ़ाई के मध्यम से तैयारी जारी रखी। प्राची के पिता चंद्रभान सिंह चौहान किसान हैं, और उनकी मां साधना सिंह चौहान गृहिणी हैं। परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है, जिसमें प्राची सबसे बड़ी हैं। उनकी अन्य बहनें गुलक, पीहू, राधिका और सबसे छोटा भाई शिव है। पिता ने बताया कि परिवार में कोई भी सरकारी नौकरी में नहीं है और बेटी ने यह बड़ा मुकाम हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया है।



## थाना कोतवाली पुलिस व्दारा तेज आवाज में डी.जे. बजाने पर कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की एवं एक डीजे गाडी, 14 साउण्ड स्पीकर, 11 लाइटे व एक लेपटॉप जप्त किया गया।

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ व्दारा शहर में तेज डीजे बजाने वालो के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड व्दारा लगातार शिवपुरी शहर में फोर्स को प्रतिदिन की भांति भ्रमण हेतु रवाना किया गया जो फोर्स व्दारा प्रतिदिन होटल एवं डी.जे. संचालको को तेज आवाज में डीजे नही बजाने के संबंध में सूचित किया जा रहा था एवं थाना प्रभारी कोतवाली व्दारा इस संबंध थाना पर होटल एवं डी.जे. संचालको की बैठक आयोजित की गयी थी जिसमें सभी को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन अनुसार डी.जे. बजाने की हिदायत दी गयी थी इसी तारतम्य में दिनांक 12.03.26 को रात्रि करीबन 00.30 बजे ग्वालियर बायपास मतोश्री गार्डन के पास तेज आवाज में डी.जे. बजाने की सूचना प्राप्त हुयी जो फोर्स को ग्वालियर बायपास मातोश्री गार्डन के पास रवाना किया वहाँ एक डी. जे. काफी तेज आवाज में बज रहा था जिसकी कर्कसता ज्यादा थी जिससे लोगो को व्यवधान उत्पनन हो रहा था डी.जे. को बमुस्किल बंद कराया गया एवं डी.जे. बजाने वाले का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राजा जाटव पुत्र भागीरथ जाटव उम्र 26 साल नि0 ठकुरपुरा का होना बताया जिससे तेज आवाज में डी.जे. बजाने के संबंध में लायसेन्स चाहा गया तो नही होना बताया आरोपी को उक्त कृत्य धारा 15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत पाया जाने से एक डीजे के ट्रोला को लेकर चलने वाली गाडी छोटा हाथी क्रमांक एमपी33-एल-3079 जिसे मय जनरेटर के एवं 14 साउण्ड स्पीकर, 11 डिस्को लाइट एक लेपटॉप जप्त किया गया बाद आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 183/26 धारा 15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत कायम कर विवेचना में लिया गया कोतवाली पुलिस की इसी प्रकार की कार्ययाही निरंतर जारी रहेगी। सराहनीय भूमिका:- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड, उनि0 सुमित शर्मा, प्र.आर. 797 संतोष बैस, प्र.आर. 255 हरीकृष्ण यादव, आर. 161 सोमवीर जाट, आर. 803 बृजेश जादौन, आर0 1032 अजय यादव आर0चालक 1155 विक्रम धाकड भूमिका रही।




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# "Gram Chikitsalaya" Actress Opens Up About Her Egg Freezing Journey on Women's Day

Actress Akanksha Ranjan Kapoor opened up about her decision to freeze her eggs on Women's Day. Akanksha Ranjan Kapoor shared her heartfelt thoughts with fans on her egg freezing journey - she was seen at Gram Chikitsalaya. On Women's Day, actress Akanksha Ranjan Kapoor made public her decision to freeze her eggs. Sharing her journey with followers on social media, the 32-year-old actress explained that the process involved daily injections, medical visits, and managing side effects like bloating and mood swings. She further explained that the last two weeks were very difficult and challenging. Akanksha also praised the resilience of women's bodies. The announcement was accompanied by photos – one from a hospital bed, and another in athletic clothes. How was Akanksha's egg-freezing journey? In her post, Akanksha wrote, "Yesterday I froze my eggs!!" "I really hadn't planned to share this, but today feels like the right day to say it. Women's bodies are so special. The last two weeks have been incredibly difficult. Injecting myself with fat every day, hormones doing their thing, bloating, mood swings, constant scans, medications, IV drips, and finally, surgery." She added, "But I just want to say how amazing and intelligent women's bodies are." Describing the second image, she said, "The second pic is from today—getting ready for the job I love. Getting back to athletics and my routine... even though I could barely walk around my building for 20 minutes. But honestly, that felt like enough! Because this body just did something amazing. Happy Women's Day." On the work front, Akanksha was recently seen in the Prime Video series Gram Chikitsalaya (2025), in which she played Dr. Gargi.




# A new 94-minute film becomes the No. 1 spot on Zee5, with a gripping love story that will touch hearts.

A 94-minute romantic film has recently been released on the OTT platform, Zee5, and has taken the No. 1 spot as soon as it arrived. The new film, a 94-minute love story that will touch hearts, is trending at No. 1. In addition to cinemas, OTT also sees something new every week. Last weekend, a new film was streamed online on the OTT platform, Zee5. With its OTT release, this film has already captured the No. 1 spot in the trending charts. The 94-minute love story drama will easily win your heart. This is why it has become a fan favorite on OTT. Let's find out which movie is being discussed here. This new film is trending on ZEE5 - It's often seen that films that receive less attention in the cinema world often make their mark on OTT platforms. One such movie was recently streamed online on the OTT platform ZEE5. The story of this article revolves around an elderly couple who, in their old age, wish to divorce each other. The elderly man doesn't want to live with his wife, which causes considerable turmoil in their family. The divorce case reaches court, where the couple's bitter and sweet banter is witnessed. It's worth noting that the elderly woman is also battling a serious illness. To find out whether they divorce or whether their love blossoms again after crossing the age barrier, you'll have to watch the film Jab Khuli Kitaab. Veteran actors Pankaj Kapoor and Dimple Kapadia play the lead roles in this movie, while actors like Ayushmann Khurrana and Samir Soni are also part of Jab Khuli Kitaab. Jab Khuli Kitaab became the No. 1 hit – Jab Khuli Kitaab is receiving positive response from critics and fans. This is why the movie is currently ranked No. 1 on the OTT platform ZEE5 and is being watched extensively.



# Ranveer Singh's big gift to fans ahead of Dhurandhar 2's release, followed by another big surprise after the trailer

Ranveer Singh has raised fans' excitement by releasing a new poster for Aditya Dhar's film "Dhurandhar 2" just days before the film's release. Ranveer's gift to fans before the release of "Dhurandhar 2" - The actor delights fans after the trailer - "Dhurandhar 2" will hit theaters on March 19. Ranveer Singh is currently gearing up for the release of his upcoming action thriller "Dhurandhar 2: The Revenge," which is scheduled to hit the big screen on March 19. The countdown has already begun, and fans are very excited for the film's release. Fans showered the trailer with love - A few days ago, on March 7, the makers finally released the trailer for the film, and it impressed fans. Now, the makers have given fans another wonderful gift. Ranveer Singh's gift to fans - On March 9, Ranveer Singh shared an interesting poster on his Instagram, featuring his two avatars in the film - Jaskirat Singh Rangi and Hamza Ali Mazari. The actor is seen sporting an intense expression and in his caption, he wrote, "The Wrath Of God is coming. Dhurandhar The Revenge is releasing in cinemas worldwide on March 19. The film will release in Hindi, Telugu, Tamil, Kannada and Malayalam." Fan reactions - One fan wrote, "You will break your own records with this film," while another commented, "Best poster ever." A third fan commented, "Ranveer Singh in 2 avatars," along with a fire emoji. The first film, "Dhurandhar," released in December 2025, became one of the biggest action blockbusters of the year. Meanwhile, the much-awaited trailer for Dhurandhar 2 finally released on March 7th, and audiences loved it. Dhurandhar 2 stars Ranveer Singh, Arjun Rampal, Sanjay Dutt, R. Madhavan, and Sara Arjun.

